आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.06.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व् पर्यावरण दिवस आज मनाया जा रहा है। प्रकृति और पृथ्वी के संरक्षण के लिए सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई के प्रति दुनिया भर में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है –प्लासस्टिक प्रदूषण को परास्त् करना। इस अवसर पर देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री–पर्यावरण दिवस

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष पौधरोपण अभियान की शुरूआत करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री बरगद का पौधा लगाएंगे। वहीं, भारतीय जनता पार्टी आगामी दिनों में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल मनाने के साथ–साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बताया कि आज विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल के काले अध्याय के 50वें वर्ष जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इधर, विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश में भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शिमला में होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पर्यावरण संरक्षण को लेकर करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

मुख्यमंत्री

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पर्ची के 10 रुपए लेने के फैसले से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि अस्पतालों की रोगी कल्याण समिति की तरफ से पर्ची पर 10 रुपए लेने का सुझाव आया था जिसके बाद कैबिनेट सब कमेटी ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संबंध में निर्देश अस्पतालों पर थोपे नहीं है,बल्कि यह अस्पतालों की रोगी कल्याण समिति पर छोड़ा गया है कि उन्हें अस्पताल परिसर में साफ सफाई व रख रखाव को लेकर इस प्रकार का शुल्क लगाना है या नहीं लगाना है।

*मैं ये कहना चाहता हूं कि सरकार की तरफ से कोई रिकोमोडिशन नहीं गई है। हमने अस्पतालों को अटामनस कर दिया है। अस्पताल अगर चाहता है अपनी सफाई रखना, अपनी मैंटेनेंस रखना, तो वो 10 रूपये पर्ची के लगा सकता है। अगर अस्पताल नहीं चाहता है, उनके अपने संसाधन हैं, उनकी अपनी इनकम है, तो उनको पर्ची लगाने की जरूरत नहीं है। ये तो उस अस्पताल की रोगी कल्याण समिति जिसमें लोकल लोग हैं, उनके द्वारा तय करना है, सरकार की तरफ से कोई*

*नोटिफिकेशन को थोपा नहीं गया है। एक राय मांगी है, कैबिनेट सब कमेटी ने एक राय के तहत कहा है कि सभी अस्पतालों को एक अटानमस होना चाहिए, रोगी कल्याण समिति को कि वो अपने अस्पताल की सफाई व्यवस्था व मैंटेनेंस के लिए अगर कोई अपनी आय करना चाहते हैं, तो वो अपनी पर्ची लगा सकते हैं या नहीं भी लगा सकते हैं।*

शिमला ग्रीष्मोत्सव

आज अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला की पांचवी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यातिथि होंगे।

*.अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शिमला की चौथी सांस्कृतिक संध्या में फिरदौस बैंड व इंडियन आईडल फेम कुमार साहिल ने खूब धमाल मचाया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, (कर्नल) धनी राम शांडिल ने सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और आयोजन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। इसके अलावा उत्सव में पहाड़ी कलाकारों ने भी मधुर आवाज से लोगों का खूब मनोरंजन किया। आज अंतर्राष्ट्रीय शिमला समर फैस्टिवल की पांचवी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यातिथि होंगे। अंतिम संध्या में इंडियन आइडल फेम नेहा दीक्षित और प्रसिद्ध पंजाबी गायक अखिल मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगे।*

तबादला प्रतिबंध

प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षण कार्य के सुचारू संचालन के दृष्टिगत राज्य सरकार ने सभी सरकारी विद्यालयों और महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षण स्टाफ के स्थानांतरण पर आज से पूर्ण प्रतिबंध लगाने के फैसला लिया है। यह निर्णय वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025–26 की समाप्ति तक जारी रहेगा। प्रदेश सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

प्रतियोगिता

शिमला में कल 6 से 10 जून तक 70वीं अखिल भारतीय नाट्य एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अखिल भारतीय कलाकार संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष रोहिताश्व गौड ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के 20 राज्यों से लगभग एक हजार कलाकार हिस्सा लेंगे। इसके अलावा 13 राज्यों की प्रमुख नाट्य मंडलियाँ भी प्रस्तुति देंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के साथ–साथ सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी होंगे। इस कार्यक्रम में स्वच्छ हिमाचल और नशा मुक्त भारत जैसे विषयों पर नुक्कड़ नाटक और जन–जागरूकता रैलियाँ आयोजित की जाएँगी।

*नाटक के माध्यम से हमें लोगों को देखने को मिले हैं, मिल रहे हैं। तो ये हमारी प्रतियोगिता 6 तारीख से लेकर शुरू होगी 10 तारीख तक और 11 तारीख को हम एक फैस्टिवल कर रहे हैं। ये हमारा एक प्रयास है।*

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। हालांकि बीती रात कुछ स्थानों पर वर्षा जबकि अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई है। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश के अधिकांश भागों में आगामी 24 घंटों के दौरान बारिश, अधंड़ व बिजली चमकने का येलो अलर्ट रहेगा। इस बीच चम्बा जिला के साच पास दर्रे पर बर्फबारी में फंसे सभी लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। दर्रे पर फंसे शेष 10 लोगों को कल देर शाम वहां से निकल लिया गया है जबकि इससे पूर्व 35 लोगों को रेस्क्यू किया गया था। ये लोग घूमने के लिए दर्रे पर गए थे लेकिन अचानक हुई बर्फबारी में फंस गए थे।

वहीं चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने पर्यटकों व स्थानीय लोगों से मौसम विभाग की एडवाइजरी को देख कर ही साच दर्रे पर सफर करने का आहवान किया है।